


नवभारत 10
इंदौर, शुक्रवार 04 जुलाई 2025

# आदिवासी बस्तियों में शराब माफिया का आतंक

## ठेकेदार के गुर्गों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप, आदिवासी ग्रामीणों ने चौकी पहुंच जताया आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**सेंधवा, (नवभारत)।** अंचल के चाचरिया क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के लोगों ने शराब माफिया के बढ़ते अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है। सोमवार रात में भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रैलास सैनानी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने चाचरिया पुलिस चौकी पर पहुंचकर शराब ठेकेदार और उसके गुर्गों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

ग्रामीणों का आरोप है कि चाचारिया में संचालित शराब ठेकेदार द्वारा लगातार आदिवासी क्षेत्रों में वाहनों में भर-भरकर शराब पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों ने लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि ठेकेदार के गुर्गे जबरन लोगों के घरों में घुसकर उन्हें डराते-धमकाते हैं और शराब बेचने का दबाव बना रहे हैं। कई बार पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के आदमी निर्दोष आदिवासियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन विभाग के सपोर्ट से ठेकेदार के



हौसले बुलंद हैं। भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रैलास सैनानी ने कहा कि ठेकेदार के आदमियों द्वारा ग्रामीणों के घर में घुस कर परेशान किया जाता है। आबकारी विभाग भी इस मामले में मौन है। आबकारी विभाग कार्रवाई करने जाता है, तो ठेकेदार के आदमियों को भी साथ ले जाता है, जो गलत है।

### नारेबाजी कर जताया आक्रोश

इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने पुलिस चौकी के सामने जमकर नारेबाजी कर आक्रोश जताया। शिकायत करने वालों में सुरेश, विजय, नितेश, कैलाश, गोविंद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने शराब ठेकेदार के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

आबकरी विभाग द्वारा नियमों के तहत कार्रवाई लगातार की जाती है। ठेकेदार को हमारा कोई सपोर्ट नहीं है, इस बात का हम खंडन करते है।

**- केएस मांगोदिया, आबकारी अधिकारी सेंधवा।**

### कार्रवाई करेंगे

ग्रामीणों द्वारा दिए शिकायती आवेदन की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

**- संजय शर्मा, चौकी प्रभारी**

**लिखित शिकायत की**
- बढ़ते अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की।
- पुलिस चौकी पर दर्ज कराई लिखित शिकायत।

# एएसपी ने किया निरीक्षण

**मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में पदस्थ नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर द्वारा 3 जुलाई को जिले की पुलिस चौकी बिजासन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चौकी में रखे गए अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार आदि का बारीकी से परीक्षण किया एवं साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण एवं सुरक्षा उपायों को लेकर संबंधित स्टॉफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके बाद बब्बर ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़ी बिजासन मंदिर का निरीक्षण किया। मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश द्वार एवं गर्भगृह की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले पर्व एवं विशेष अवसरों पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं निगरानी बढ़ाने की दृष्टि से यह निरीक्षण महत्वपूर्ण रहा। निरीक्षण के दौरान



# 9 जुलाई को बड़वानी में होगा नि :शुल्क नेत्र शिविर

**बड़वानी।** जिला चिकित्सालय और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के तत्वावधान में 9 जुलाई को जिला अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद और कांचबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। डॉ विमलेश चोयल ने बताया कि शिविर में चयनित नेत्र मरीजों को ऑपरेशन के लिए इंदौर भेजा जाएगा। डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे आयोजित होगा। मरीज आधार कार्ड और एक व्यक्ति को साथ लेकर आए। मरीज के साथ परिजन नहीं होने पर लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जाएगा। शिविर स्थल पर शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी नि:शुल्क की जाएगी। साथ ही शिविर वाले दिन लायंस क्लब बड़वानी द्वारा नेत्र मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क की जाएगी। सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे, सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे और डॉक्टर्स ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील

**एक नजर में** | प्राचार्य डॉक्टर अभय जैन ने कहा पढ़ाई बोझ नहीं, आजादी की सुनहरी चाबी है

# विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह संपन्न

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली। 04 जुलाई.** नगर के पद्मश्री स्व कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत विद्या दायिनी माँ सरस्वती के पुजन-अर्चन एवं विद्यार्थियों के स्वागत से हुआ। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के तौर पर जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष विनय सिसौदिया ने अपने जीवन से जुड़े कई उदाहरण सांझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छोटे-छोटे अवसरों का लाभ उठाएं। मेहनत करने से डरे नहीं, अपितु डटे रहे। ईमानदारी पूर्वक की गई मेहनत आपको सफलता दिलाती है। प्रभारी प्राचार्य डॉ अभय जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में शुरुआत के पांच वर्ष विद्यार्थियों के जीवन एवं कॅरियर की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिवार से परिचित कराते हुए कई विषयों की जानकारी देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विषय विशेषज्ञों में डॉ के तावड़े डॉ चाँदनी गोले, डॉ पीसी किराड़े, डॉ सुल्तान मोरे, डॉ बीएस चौहान, प्रो अनारसिंह किराड़े, डॉ रामाधार पिपलादिया, डॉ प्रताप सिंह बरडे, डॉ सुधा टेटवाल, डॉ शारदा खरते शामिल रहे।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर तुकाराम निंगवालेए, गौरव सोनी, करण बामनिया, गोरेलाल सोलंकी, रणजीत खरते, प्रदीप बरडे सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सोलर कुकिंग और पवन चक्की देखकर आश्चर्यचकित हुए बच्चे

- जिम्मी मगिलिगन सेंटर में डेली कॉलेज जूनियर छात्रों का प्रायोगिक कार्यक्रम
- वास्तविक सस्टेनेबल जीवन में सीखने का मौका मिला



नव भारत न्यूज
इंदौर. डेली कॉलेज जूनियर छात्रों के लिए तीन दिवसीय प्रायोगिक कार्यक्रम जिम्मी मगिलिगन में फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सस्टेनेबल जीवनशैली सीखने के लिए सनावदिया में शुरू हुआ. स्कूल से अलग-अलग समूह जिम्मी मगिलिगन सेंटर शैक्षणिक भ्रमण पर आएंगे, जहां वे पद्मश्री जनक पलटा मगिलिगन से सस्टेनेबल जीवन पद्धति, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायक विधिओयं और व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करेंगे.

बच्चों के साथ डेली कॉलेज की राउंड स्क्वायर प्रतिनिधि दुर्गा सिंह, सुश्री नूपुर और चार अन्य स्टाफ भी थे. उन्होंने बताया कि यह पहल, इमर्स एंड इंस्पायर का एक हिस्सा है. केंद्र की निदेशक डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने उनका स्वागत किया और केंद्र के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा उन्होंने अपने एक प्रशिक्षु विनोद यादव की सहायता से जैविक खेती और सस्टेनेबल फ़ूड उगाने और बनाने के बारे में जानकारी दी. दुर्गा सिंह के अनुसार, जैसे ही उन्होंने केंद्र में कदम रखा, छात्र हवा में ताजगी, पक्षियों की आवाज़, प्रकृति और हरियाली की प्रचुरता से मंत्रमुग्ध हो गए. वे पहली बार गिलोय, नीम, तुलसी और हड़जोड़ जैसे विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों को देखने के लिए उत्साहित थे, उनके अविश्वसनीय उपचार गुणों के बारे में जाना. छात्रों को वास्तविक सस्टेनेबल जीवन में सीखने का मौका मिला. सोलर कुकिंग, सोलर बिजली, पवन चक्की को देखकर आश्चर्यचकित हुए जो बरसात के मौसम में भी ऊर्जा उत्पन्न करती है. उन्होंने जैविक खेती, खाद बनाने, वर्षा जल संचयन और कचरामुक्त जीवन को देखाऔर सीखा.

### हरित आदतों को अपनाने हुए प्रेरित

वापसी के दौरान कई छात्रों ने बताया कि वे जनक मैडम की तरह ही हरित आदतों को अपनाने और अधिक सचेत रूप से जीने के लिए दिल से प्रेरित हुए. दुर्गा सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में दो अलग-अलग समूह आएंगे. उन्होंने आज इस विशेष अवसर के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे इसे आगे भी जारी रखेंगे.



# न्याय संविधान की आत्मा

**इंदौर.** न्याय भारतीय संविधान की आत्मा है. यह केवल अपराधी को सजा देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि पीड़ित के आत्म-संतोष से भी जुड़ा है. उक्त विचार हाई कोर्ट की अधिवक्ता अर्चना गोसर ने ढाई आखर द्वारा आयोजित पांचवें तत्संग एवं तत्संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए. यह आयोजन जीवन शाला विद्यालय, विसर्जन आश्रम परिसर में किया गया जिसमें कलाकारों और विचारकों ने निर्गुण परंपरा और संवैधानिक मूल्यों पर कला और विचार के माध्यम से संवाद स्थापित किया. कार्यक्रम की शुरुआत ढाई आखर की संकल्पना से हुई, जिसमें संयोजक छोटेलाल भारती ने बताया कि यह मंच कलाकारों को स्वतंत्र रूप से अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति देने का अवसर देता है. देवेंद्र मंडलोई व मंडली ने कबीर भजनों की प्रस्तुति दी. रवि जोशी के रंगरूपिया थियेटर्स द्वारा रवींद्रनाथ ठाकुर की दो कहानियों — तोता और एक असफल का इस्तीफा — का प्रभावशाली नाट्य मंचन हुआ. नेहा निम्बोदिया ने प्रशासनिक भ्रष्टाचार के संदर्भ में न्याय की व्यावहारिक चुनौतियाँ सामने रखीं. प्रीति सिंगार के नेतृत्व में हम ही ताना, हम ही बाना... गीत का सामूहिक गायन हुआ. मुख्य रुपए से डॉ. अर्पण जैन, अवनि, शरद सबल , मुकेश करोले, अशोक अटले, सौरभ गुप्ता, नेहा निम्बोदिया, विनोद जाटव, ब्रजेश सिंह, भारत मंडलोई, पूनमचंद मंडलोई, विक्रम बोरदिया सहित कई कला-प्रेमी उपस्थित रहे. संचालन एवं आभार छोटेलाल भारती और पूजा कुशवाह ने




# रक्तदान कर बचाएं किसी की जान

नवभारत न्यूज
इंदौर. 1 जुलाई को रोटरी इंटरनेशनल का कार्य पूरे विश्व में एक साथ में प्रारंभ होता है. रोटरी इंटरनेशनल 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने वर्ष की शुरुआत के रूप मे समाज सेवा का अनूठा कार्यक्रम ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन किया. ब्रह्माकुमारीज जोनल ऑफिस, ओम शांति भवन, में ब्लड डोनेशन किया गया. एम वाय हास्पिटल की अनुभवी चिकित्सा टीम ने ब्लड कलेक्शन किया. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने कहा कि मुझे खुशी है की मेरे कार्यकाल का प्रारंभ ओम शांति भवन से हो रहा हयै इस आध्यात्मिक स्थान से हमेशा पॉजिटिव ऊर्जा का एहसास मुझे होता है. ब्रह्माकुमारीज की इंदौर जोन इंचार्ज बीके आरती दीदी ने कहा कि खून कहीं बनता नहीं है, किसी फैक्ट्री में निर्माण नहीं होता है. इसलिए मानवता की सेवा के लिए ब्लड डोनेशन कैंप बहुत जरूरी है . संचालन राकेश बमोरिया ने किया.

**कार्यक्रम** | महिला समूह सिल्वर सखी की मैंगो पार्टी

# मैंगो थीम पर आधारित पहनी पोशाक, बनाए विविध व्यंजन

**इंदौर. गरबा ग्राउंड में महिला समूह सिल्वर सखी ने एक रंगीन और स्वादिष्ट आयोजन मैंगो पार्टी- सखियों के संग का आयोजन किया. सुनहरे रंगों में सजी सखियों ने आम के इस त्योहार को मिठास और अपनत्व के साथ मनाया, जो न केवल स्वादों की बहार लेकर आया बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक उत्साह को भी नई ऊँचाइयों पर ले गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ग्रीन और येलो रंग की साड़ियों और ड्रेस में सखियों के स्वागत से हुई. बच्चों ने भी मैंगो थीम पर आधारित पोशाकों में अपनी मासूमियत और रंगीनियत का जादू बिखेरा. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम के त्योहार को साझा करना और महिलाओं के बीच



आपसी प्रेम और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा. इस आयोजन का नेतृत्व राजनी खेतान, नीतू मित्तल और शारदा उपाध्याय ने किया, जिन्होंने सिल्वर सखी टीम के साथ मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और रचनात्मकता को मंच प्रदान किया. इस आयोजन ने न केवल आम के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया बल्कि महिलाओं के बीच सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को भी मजबूती दी.

# नगर परिषद ने अनूठी पहल कर किया नवाचार



**खेतिया।** नगर परिषद खेतिया द्वारा एक अनूठी पहल कर नवाचार किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने बताया कि नगर परिषद के अध्यक्ष दशरथ आनंदा निकुम, उपाध्यक्ष चेतन संचेती सहित परिषद के समस्त पार्षदों के मार्गदर्शन में नगर के मंदिरों एवं धार्मिक स्थानों पर लोगों द्वारा धार्मिक खंडित मूर्ति, फोटोफ्रेम, पुस्तकें आदि रख देते हैं, जिससे संबंधित स्थान पर गंदगी भी होती है तथा धार्मिक भावना भी आहत होती है। इसलिए नप द्वारा मुनादी कर उक्त सामग्री एकत्रित कर ससम्मान विसर्जित कर की जाएगी। उक्त अभियान में कर्मचारी घर-घर से धार्मिक सामग्री एकत्रित कर रहे हैं। यह नवाचार नगर में पहली बार किया जा रहा है। इसके लिए निकाय के कर्मचारी राकेश कुलकर्णी, सुनिल कुलकर्णी, अनिल कन्नोजे, महेश सोलंकी, गंगाराम चौहान, विकास चौहान, भरत पटेल आदि का सरहानीय सहयोग रहा।

# महाविद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

**पानसेमल।** स्थानीय श्रीअटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को दीक्षांरभ समारोह प्रवेश उत्सव मनाया गया। उत्सव के तीसरे दिन नवप्रवेशित छात्रों के साथ सरस्वती पुजन किया। नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर महाविद्यालय में स्वागत हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ मंजुला ने कहा अनुशासित रहकर अपनी मंजिल एवं सपनों को साकार कर सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुनील बागले ने कहा खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों द्वारा पाठ्यक्रम की जानकारियां दी गई। शासन की योजना छात्रवृत्ति आवास योजनाओं, क्रीड़ा गतिविधियों, लाइब्रेरी, राष्ट्रीय सेवा योजना, कॅरियर मार्गदर्शन, नई शिक्षा नीती के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रो संगीता भंडारी, डॉ आकाश गाडगे, प्रो वंदना यादव, प्रो आशा चौहान, आयुष डुडवे, अरुण जाधव, अजय, संतोष चौहान व अन्य छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा वास्कले ने किया एवं आभार डॉ राजेश दिवाकर ने माना।



# सेवानिवृत्ति पर खान का किया सम्मान




**बड़वानी।** जिला चिकित्सालय से गुरूवार को जावेद खान के सेवानिवृत्त होने पर मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में बिदाई समारोह हुआ। जिसमें जावेद खान को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे, कर्मचारी संघ के पधाधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, सिविल सर्जन कार्यालय का स्टॉफ एवं जिला चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे। राजाराम सोलंकी ने संघ के कार्य पर प्रकाश डाला।

# एचसीजी कैंसर सेंटर ने मनाया डॉक्टर्स डे का जश्न

**इंदौर .** एचसीजी कैंसर सेंटर इंदौर ने डॉक्टर्स डे के मौके पर अपने डॉक्टरों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के लिए उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। इस खास दिन को सेंटर ने कई प्यारे पलों और छोटे-छोटे सरप्राइज़ के साथ मनाया, ताकि उन डॉक्टरों का सम्मान किया जा सके जो हर दिन मरीज़ों के लिए उम्मीद बनकर खड़े रहते हैं. एचसीजी टीम के सदस्यों ने हर डॉक्टर को एक छोटा पौधा भेंट किया. एचसीजी कैंसर सेंटर, इंदौर के चीफऑपरेटिंग ऑफिसर नितिन बामनिया ने कहा इस डॉक्टर्स डे पर मैं हमारे सभी डॉक्टरों के प्रति दिल से आभार व्यक्त करता हूं. उनका समर्पण, सेवा और लगातार किया गया प्रयास ही एचसीजी की पहचान और मज़बूत नींव है. हेल्थ केयर ग्लोबल एंटरप्राइजेज के वेस्टर्न इंडिया रीजनल बिज़नेस हेड जॉर्ज एलेक्स ने कहा डॉक्टर्स डे सिर्फएक उत्सव नहीं है, बल्कि ये उस साहस और करुणा कीयाद भी दिलाता है जो हमारे डॉक्टर हर दिन अपने काम में लेकर आते हैं।

# अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

**इंदौर.** अमेज़न इंडिया ने बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं. 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11.59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे. चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेज़न डिवाइसेज़, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है. यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें.

# सैमसंग ने फोल्डेबल फोन्स के लिए प्री-रिज़र्व बुकिंग शुरू की

**इंदौर .** सैमसंग 9 जुलाई को न्यूयॉर्क में अपनी अगली पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स लॉन्च करने जा रहा है. यह नई सीरीज़ एआई-पावर्ड इंटरफेस के साथ आएगी और इसमें एडवांस हार्डवेयर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे स्मार्टफोन का अनुभव पहले से कहीं ज़्यादा बेहतर और स्मार्ट हो जाएगा. आधिकारिक लॉन्च से पहले भारत में ग्राहक सिर्फ 2000 रूपए की टोकन राशि देकर इन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं. प्री-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को डिवाइस की खरीद पर 5999 रूपए तक के विशेष लाभ मिलेंगे और साथ ही उन्हें अर्ली डिलीवरी का भी फायदा मिलेगा. ग्राहक इन डिवाइसों को वेबसाइट, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन, फ्लिपकार्ट और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स से प्री-रिज़र्व कर सकते हैं. सैमसंग ने इन डिवाइसों को उपयोगकर्ताओं की असल ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया है—बेहतर परफॉर्मेंस, और भी तेज़ कैमरे और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ.

# वॉलमार्ट वृद्धि ने मप्र सरकार से किया गठजोड़

**इंदौर .** वॉलमार्ट वृद्धि ने अपने प्रोग्राम पार्टनर आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है. रतलाम में 27 जून को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव के दौरान एमओयू को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई. इस समझौते के तहत अगले तीन साल तक इच्छुक एवं चुनिंदा एमएसएमई को वॉलमार्ट वृद्धि के माध्यम से निशुल्क ट्रेनिंग सपोर्ट प्रदान करते हुए राज्य के एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा. वॉलमार्ट इंटरनेशनल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ सप्लायर डेवलपमेंट, सोर्सिंग जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा भारत का एमएसएमई सेक्टर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के मुहाने पर खड़ा है और इसी से यह तय होगा कि यह सेक्टर कैसे विकास करेगा, इनोवेट करेगा और ग्लोबल मार्केट से कनेक्ट करेगा. मध्य प्रदेश सरकार के साथ हमारी साझेदारी एमएसएमई को डिजिटल रूप से तैयार होने, प्रतिस्पर्धी बनने और दुनियाभर में अपनी पहुंच को बढ़ाने में सक्षम बनाने के विजन को रेखांकित करती है

# आचार्य विशद सागर ससंघ का मंगल प्रवेश

**इंदौर .** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सुदामानगर में आज आचार्य विशद सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश महाराज रणजीत हनुमान मंदिर फूटी कोठी रोड से हुआ . सम्पूर्ण दक्षिण क्षेत्र के धर्मावलंबी ने अपार उत्साह व धर्म प्रभावना के माहौल में आचार्यश्री का आकर्षित पूजा के साथ मंगल प्रवेश कराया. सम्पूर्ण आरती मंगल प्रवेश पश्चात प्रथम मंगल प्रवचन सुदामा नगर दिगम्बर जैन मंदिर में होंगे.